Regarding need to control incidents of mob lynching-laid

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : नेशनल इंटीग्रिटी को नुकसान पहुंचाने वाली कुछ चिंताजनक घटनाओं को सरकार के संज्ञान में लाना चाहती हूं । सोशल मीडिया से गुमराह कर देने वाले संदेशों व भड़काऊ वीडियो के प्रसारण से मई व जून में देश भर में अलग-अलग राज्यों में 10 घटनाएं मोब वायलेस व लिंचिग की हुई है जिससे कम्युनल हार्मनी व नेशनल इंटीग्रिटी को धक्का पहुंचा है । इन घटनाओं में अधिकतर अल्पसंख्यक समुदाय व अनुसुचित जाति के सदस्य पीडित हो रहे है । इन घटनाओं के फौरन बाद मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना के ही 03 निवासीगणो की रायपुर, छत्तीसगढ़ में द्वारा हत्या कर दी गई । उत्तर प्रदेश में भी अलीगढ़ में भीड़ द्वारा हत्या का एक मामला प्रकाश में आया है । ऐसी घटनाओं ने देश के जनमानस को चिता में डाल दिया है तथा इन घटनाओं को रोकने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है । हमारे समाज को रेडिकलाइज करने वाले तत्वों की पहचान कर ऐसे व्यक्तियों व संस्थानों पर फौरन रोक लगाने की आवश्यकता है । मामला अत्यावश्यक सार्वजनिक महत्व का है । जिस पर तत्काल ध्यान देने और कार्रवाई की आवश्यकता है । माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा मॉब लिंचिंग व हिंसा को रोकने के लिए पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे परंतु राज्यों द्वारा उन निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है । केंद्र सरकार को इस संबंध में तत्काल गंभीर उपाय करने की आवश्यकता है । इन सभी मुद्दो पर सरकार की प्रतिक्रिया अपर्याप्त रही है । उपरोक्त गंभीर समस्या के समाधान खोजने और जवाबदेह सुनिश्चित करने के लिए मा० गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं ।